# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 927 / परीक्षा / 2022–23 दिनांक: 13/07/2022

## अधिसूचना

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की पूर्व अधिसूचना पत्रांकः 870 / 03 / परीक्षा / MSU / 2022–23 दिनांक 02.07.2022 के अन्तर्गत समबद्ध महाविद्यालयों में संचालित सेमेस्टर प्रणाली के समस्त स्नातक / परास्नातक (परम्परागत एवं व्यावसायिक) एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के पाठ्यक्रमों (B.A./B.Sc./B.Com.) की सत्र 2021–22 की द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.msuniversity.ac.in पर ऑनलाईन भरे जाने की अन्तिम तिथि 13.07.2022 निर्धारित की गयी थी।

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार उक्त परीक्षा फार्म भरने की तिथि निम्नानुसार विस्तारित की जाती है :–

| | | पूर्व निर्धारित तिथि | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | छात्र / छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑनलाईन भरने एवं ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | 13.07.2022 | 28.07.2022 |
| 2 | छात्र / छात्राओं द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये संदर्भित परीक्षा फार्म का ऑनलाईन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि | 14.07.2022 | 29.07.2022 |
| 3 | महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल सहित परीक्षा फार्म (N.R. के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि | 16.07.2022 | 31.07.2022 |

13-7-22

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, **माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर** को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं, अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय / संस्थान का होगा।
02. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
03. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
06. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय / लेखा / सामान्य / कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
08. समस्त अनुभाग प्रभारी ।
09. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**